साईं दे दो सहारा | By Mukesh Kumar |

साईं दे दो हमें तुम सहारा
तेरे भक्तों ने तुझको पुकारा।
साईं दे दो हमें तुम सहारा॥

अल्लाह साईं राम, मौला साईं राम,
मेरे साईं राम, मेरे भगवान॥

जब-जब जीवन दुखों में घिरा है,
तुमने सबका संकट हरा है।
तेरा मंदिर है सबका मदीना,
तेरा दर बाबा है गुरुद्वारा।
साईं दे दो हमें तुम सहारा,
साईं दे दो हमें तुम सहारा॥

कण-कण में तेरा नूर है समाया,
हर दुखिया को गले से लगाया।
सच्चे मन से है जिसने पुकारा,
तुमने आकर सदा है उबारा।
साईं दे दो हमें तुम सहारा,
साईं दे दो हमें तुम सहारा॥

अल्लाह साईं राम, मौला साईं राम,
मेरे साईं राम, मेरे भगवान॥

हर कश्ती का तुम हो किनारा,
मिलता है तुमसे सबको सहारा।
तेरी श्रद्धा-सबूरी का बाबा,
बन गया सारा जग है दीवाना।
साईं दे दो हमें तुम सहारा,
साईं दे दो हमें तुम सहारा॥

अल्लाह साईं राम, मौला साईं राम,
मेरे साईं राम, मेरे भगवान॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88%e0%a4%82-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-mukesh-kumar/